कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जनपद न्यायालय कानपुर नगर।

विज्ञप्ति सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस जनपद न्यायालय में सफाई व्यवस्था हेतु संविदा के आधार पर 01 सफाईकर्मी रखा जाना है। जिनका मासिक मानदेय 6000/– निर्धारित होगा। इसके अतिरिक्त कोई अन्य भत्ता देय नही होगा, संविदा पर रखे जाने के कारण संतोषपूर्ण कार्य न हाने पर उन्हे कभी भी बिना किसी सूचना के हटाया जा सकता है तथा अनुपस्थित होनें पर मानदेय काटा जा सकता है। जो व्यक्ति इस कार्य को करना चाहते हो वे माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को सम्बोधित एक सादे कागज में अपनें प्रार्थना पत्र के साथ अपना आधार कार्ड, वोटर आई0डी0 की छायाप्रति संलग्न करते हुये केन्द्रीय नजारत में केन्द्रीय नाजिर के पास दिनांक 12.08.2019 को सायंकाल 4:00 बजे तक जमा कर सकते है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि– प्रार्थना पत्र देने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही विचाराधीन हो।

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
प्रभारी अधिकारी नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

इस विज्ञप्ति की सार्वजनिक सूचना की एक–एक प्रति समस्त सार्वजनिक स्थानों के अतिरिक्त जनपद न्यायालय, कानपुर नगर, बार एसो0, लायर्स एसो0, कार्या0 जिलाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये, व एक प्रति जिला सूचना अधिकारी कार्यालय को भी प्राप्त करायी जाये।

इस सूचना को जनपद न्यायालय, कानपुर नगर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सिस्टम आफीसर, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को अवगत कराया जाये।

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
प्रभारी अधिकारी नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

प्रभारी अधिकारी नजारत
जिला एवं सत्र न्यायालय
कानपुर नगर